भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त के निर्देशन व प्रेरणा से कर रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने पखवाड़े के चौथे दिन दिनांक 04 अगस्त, 2018 को कक्षाओं, सभागार व पुस्तकालय की साफ सफाई की व दूसरे विद्यार्थियों को भी कूड़ा कचरा कूडेदान में डालने के लिए व अपने आस पास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में एन.एस.एस. स्वयंसेवक गौरव व स्वयंसेविकाओं भारती, अनु, प्रियंका, नताशा, गार्गी व नेहा ने प्रमुखता से भाग लिया।